हिमाचल प्रदेश तेरहवीं विधान सभा

(षष्टम् सत्र)

लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

सोमवार,19 अगस्त, 2019/28 श्रावण, 1941(शक्)

[मुख्य मन्त्री - सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री - शिक्षा मन्त्री - शहरी विकास मन्त्री - कृषि मन्त्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री - उद्योग मन्त्री - वन मन्त्री तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मन्त्री].

कुल प्रश्न - 26

निविदाएं

269 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक अधिशासी अभियन्ता, विद्युत मण्डल नाहन व पांवटा द्वारा किन कार्यों हेतु निविदाएं ऑनलाइन तथा ऑफलाइन आमंत्रित की गईं;

(ख) कितनी निविदाएं ठेकेदारों को आवंटित की गईं तथा कितनी रद्द की गईं; आवंटित की गई निविदाओं का ब्यौरा ठेकेदारों के नाम व धनराशि सहित दें; और

(ग) जिन निविदाओं को रद्द किया गया उनका ब्यौरा कार्यों के नाम, धनराशि व ठेकेदार के नाम सहित दें तथा इन निविदाओं को रद्द करने के क्या कारण रहे?

गोदाम निर्माण

270 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि कृषि एवं विपणन बोर्ड द्वारा पांवटा साहिब में गोदाम के निर्माण हेतु निविदाएं आमंत्रित की थी; और

(ख) यदि हां, तो इसके कार्य पर कितनी धनराशि व्यय की गई और इसका कार्य बन्द करने के क्या कारण है; ब्यौरा दें?

विज्ञान भवन का निर्माण

271 **श्री विनय कुमार (श्री रेणुकाजी):**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) श्री रेणुका जी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रजाना में विज्ञान भवन कब तक बनकर तैयार हो जाएगा; और

(ख) इस भवन को बनाने में कितनी धनराशि व्यय की गई और निर्माण कार्य में विलम्ब के क्या कारण रहे?

रोहतांग सुरंग

272 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहतांग सुरंग से यातायात खुलने के दृष्टिगत लाहौल घाटी में पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु सरकार शीघ्र ही मास्टर प्लॉन बनाने का विचार रखती है?

मास्टर प्लॉन

273 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि किन्नौर जिला में सांगला घाटी, भावा घाटी, कल्पा व अन्य घाटियों को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने हेतु मास्टर प्लॉन बना कर सरकार धनराशि का प्रावधान करने का विचार रखती है?

करछम-सांगला-छितकुल सम्पर्क मार्ग

274 **श्री जगत सिंह नेगी (किन्नौर):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार करछम-सांगला-छितकुल सम्पर्क मार्ग को सुधारने हेतु क्या पग उठा रही है?

बस सेवा

275 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)**ः

क्या **वन मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि मशोबरा-भेखलटी सड़क पर बस सेवा चलती थी जिसे बन्द कर दिया गया है;

(ख) यदि हां, तो इसे पुनः बहाल करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है; और

(ग) क्या सरकार इस रूट पर निजी बस चलाने हेतु परमिट देने का विचार रखती है?

टैंकों का निर्माण

276 **श्री अनिरूद्ध सिंह (कसुम्पटी)**ः

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक खण्ड मशोबरा में उपदान के तहत कितने टैंकों का निर्माण किया गया है; और

(ख) कितनों को उपदान की धनराशि प्रदान की गई व कितनों की शेष है; ब्यौरा नाम सहित दें?

उद्योगों की स्थापना

277 **श्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खु (नदौन)**ः

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार द्वारा हिमाचल इण्डेज (INDAGE) लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन (MOU) हस्ताक्षरित हुआ था; यदि हाँ, तो यह समझौता ज्ञापन कब हस्ताक्षरित हुआ;

(ख) कम्पनी को कब व कहां-कहां पर कितनी सरकारी जमीन पट्टे (Lease) पर दी गई; और

(ग) इस भूमि पर उद्योग स्थापित न होने के क्या कारण हैं; ब्यौरा दें?

न्यूनतम अंक प्रतिशतता

278 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **उद्योग मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक प्रदेश के सरकारी व प्राइवेट इंजीनियरिंग कॉलेज में प्रवेश लेने हेतु न्यूनतम अकों की प्रतिशतता कितनी थी;

(ख) इसे कितना बढ़ाया गया और इसके बढ़ाने के क्या कारण हैं;

(ग) प्रदेश के कितने छात्रों ने इन महाविद्यालयों में दाखिला लेने के लिये आवेदन किया था लेकिन दाखिला लेने से वंचित रह गए;

(घ) इस न्यूनतम अकों की प्रतिशतता को बढ़ाने के कारण कितने महाविद्यालयों में सीटें खाली रह गई तथा कितने प्राइवेट संस्थान बन्द हो गए; और

(ङ) कई छात्रों को दूसरे राज्यों में अधिक धनराशि खर्च कर प्रवेश लेने को बाध्य करने का क्या कारण रहा अथवा किसको फायदा मिला; वर्षवार ब्यौरा दें?

फोर्टिस अस्पताल

279 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि कांगड़ा में स्थित फोर्टिस अस्पताल फोर्टिस अस्पतालों की श्रृंखला की ही शाखा है; और

(ख) यदि हां, तो प्रदेश सरकार ने सरकारी कर्मचारियों, सैनिक व भूतपूर्व सैनिकों तथा पैरा फोर्सिज को मेडिकल रिंबर्समेंट क्लीनिकल इस्टैब्लिशमेंट एक्ट के तहत इस अस्पताल को किस नाम से अधिकृत व पंजीकृत किया है?

शौचमुक्त पंचायतें

280 **श्री अरुण कुमार (नगरोटा)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) नगरोटा बगवां विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत ऐसी कितनी पंचायतें हैं जो 100% शौचमुक्त हैं;

(ख) ऐसी कितनी पंचायते हैं जिनमें शौचालय बनाने शेष हैं; और

(ग) इन बची हुई पंचायतों को शौचमुक्त बनाने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

निविदाएं

281 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष दिनांक 31.07.2019 तक रोहडू वृत्त के अन्तर्गत बर्फ/मलबा हटाने (Removal of snow/slips) तथा Restoration of rain damages के लिए किन-किन ठेकेदारों को online/ offline निविदाएं आबंटित की गई; ब्यौरा सड़क व ठेकेदार के नाम सहित दें?

प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना

282 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत एक वर्ष में दिनांक 31.07.2019 तक जिला शिमला में 'प्रधानमन्त्री उज्जवला योजना' के अन्तर्गत कितने लाभार्थियों को गैस कनेक्शन व सिलैंडर आबंटित किए गए; ब्यौरा तहसीलवार व लाभार्थियों के नाम, पते सहित दें?

विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना

283 **श्री मोहन लाल ब्राक्टा (रोहडू):**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि रोहडू विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत विधायक क्षेत्र विकास निधि योजना के अन्तर्गत कितनी धनराशि स्वीकृत थी और कितनी वितरित की गई; ब्यौरा दें?

Cremation Ground

284 **Dr.(Col.) Dhani Ram Shandil (Solan):**

Will the **Urban Development Minister** be pleased to state what is the latest position of the Construction work of Cremation ground at Chamba Ghat, Solan?

कृषि योजनाएं

285 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **कृषि मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत राज्य तथा केन्द्र से कृषि की किन योजनाओं के लिए कितनी धनराशि स्वीकृत हुई है, कितनी व्यय की गई व कितनी शेष है; ब्यौरा दें?

जलवाहकों की रिक्तियां

286 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **शिक्षा मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अन्तर्गत जलवाहकों के कितने पद कब से रिक्त हैं; पाठशालावार ब्यौरा दें; इन रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

दवाइओं की आपूर्ति

287 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2019 तक जिला शिमला में बागवानी विभाग द्वारा कितनी कीटनाशक दवाइयों की आपूर्ति प्रति वर्ष की गई; ब्यौरा विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार दें?

गृह रक्षक

288 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-
(क) यह सत्य है कि प्रदेश में गृह रक्षा विभाग में कार्यरत गृहरक्षकों को तीन महीने के बाद सर्विस ब्रेक दी जाती है; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार पंजाब और हरियाणा की तर्ज़ पर इन गृह रक्षकों को 365 दिन का रोजगार मुहैया करवाने का विचार रखती है?

पाइप लाइन

289 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि बिलासपुर म्युनिसिपल कमेटी के अन्तर्गत आई0पी0एच0 विभाग द्वारा गंदे पानी की निकासी हेतु निर्मित नालियों के बीच में से ही पीने के पानी की पाइप लाइनें बिछाई गई हैं; और

(ख) यदि हां, तो पेयजल पाइपों की लाइनों को बदलने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

अल्ट्रासाउंड सुविधा

290 **श्री राम लाल ठाकुर (श्री नैना देवीजी)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि क्षेत्रीय अस्पताल बिलासपुर में गत दो वर्षों से गर्भवती महिलाओं को अल्ट्रासाउंड की सुविधा प्रदान नहीं की जा रही है; और

(ख)यदि हां, तो यह सुविधा कब तक प्रदान कर दी जायेगी?

ट्रांसफार्मर/सब-स्टेशन

291 **श्री नरेन्द्र ठाकुर (हमीरपुर)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) 01 जनवरी, 2018 से 31 जुलाई, 2019 तक प्रदेश में विद्युत विभाग द्वारा बिजली आपूर्ति में सुधार लाने के उद्देश्य से कितने ट्रांसफार्मर, सब-स्टेशन किन योजनाओं के अन्तर्गत कहाँ स्थापित किए गए; और

(ख) इस अवधि के दौरान कितने ट्रांसफार्मरों की क्षमता को स्तरोन्नत किया गया; ब्यौरा विद्युत मण्डलवार दें?

शिलाई-बलाई-केलवी सड़क

292 **श्री हर्षवर्धन चौहान (शिलाई)ः**

क्या **मुख्य मन्त्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) जुब्बल लोक निर्माण मण्डल के अधीन हाटकोटी उप-मण्डल के अन्तर्गत आने वाली सड़क शिलाई-बलाई-केलवी की प्रशासनिक स्वीकृति व वित्तीय अनुमोदन (AA/ES) कब प्राप्त हुआ;

(ख) इस सड़क की forest clearance कब प्राप्त हुई; स्वीकृति पत्र की प्रति सभा पटल पर रखें;

(ग) 01 जनवरी, 2018 से दिनांक 31.07.2019 तक इस सड़क की कितनी Offline/Online निविदाएं आमंत्रित की गई हैं; निविदाओं की प्रति सभा पटल पर रखें; और

(घ) यह सत्य है कि ठेकेदार द्वारा इस सड़क का कार्य बिना निविदा के ही 1500 मीटर से अधिक किया गया है?

Filling Up of Vacant Posts

293 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Irrigation & Public Health Minister** be pleased to state how many posts of SDOs and JEs are lying vacant in Rampur Division of I&PH and by when these posts will be filled up?

Vacancy Position

294 **Sh. Nand Lal (Rampur):**

Will the **Health and Family Welfare Minister** be pleased to state how many posts of different categories are lying vacant in Health Institutions in Rampur Constituency; by when these posts will be filled up?

Shimla : 171004. **Yash Paul Sharma,**

Dated: 3rd August, 2019. **Secretary.**